एक नजर में

कावेरी फाउण्डेशन का चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह मना

ग्वालियर 17 मार्च. कावेरी वेलफेयर फांउडेशन द्वारा जीवायएमसी क्लब, ग्वालियर में अपना चतुर्थ स्थापना दिवस, होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चंद्रशेखर शास्त्री के मंत्रोच्चार, सरस्वती पूजा एवं सरिता चौहान की सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डॉ. शिवानी भार्गव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्था सदस्यों नरेश धारीवाल, विशाल रस्तोगी, नेहा नदीम खान, सोनू समद, जया धारीवाल के गीतों से माहौल फागुन की मस्ती से भर गया। कवियत्री पुष्पा मिश्रा ने काव्य रसिक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर के 31 पत्रकारों को पत्रकारिता में विशिष्ठ योगदान हेतु शिरोमणि पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गये। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि सुधीर सक्सेना, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, जयारोग्य समूह ने सामाजिक कल्याण एवं समरसता हेतु संस्थाओं की सक्रियता पर जोर दिया, साथ ही कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ ही विशिष्ठ अतिथि चंद्रमोहन शर्मा, जे.पी. सिंह कुशवाहा, रामबाबू कटारे, प्रमोद गुप्ता, संस्था संरक्षक महेश मुद्गल, विजय कब्जू, रंजीत पंचवानी, संस्था संचालक महेन्द्र भदकारिया, कांता शर्मा, हेमलता राव की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्णिमा अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव कंचन राव, संगठन मंत्री ऋषि जैन, कार्यक्रम संयोजक मनोज अग्रवाल, सह संयोजक प्रवीण शर्मा ने अतिथियों का स्वागत तिलक एवं अंगवस्त्र पहनाकर किया। अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय ने स्वागत भाषण एवं सचिव कंचन राव ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजन एवं समस्त व्यवस्थाओं का दायित्व मनोज अग्रवाल एवं प्रवीण शर्मा ने निभाया। इस अवसर पर डॉ. अनिल शर्मा, तरूण वर्मा, श्रेयांस जैन, दीपक चौधरी, रिषभ जैन, अभिषेक डंडौतिया, प्रियंका शर्मा, योगेश अग्रवाल, विशाल शर्मा, नेहा जैन, मुकेश जैन, हरीदास अग्रवाल, गौरव जैन, अशोक वाजपेई आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

माधव लॉ कॉलेज में 90 दिन का फैकेल्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू

ग्वालियर 17 मार्च. माधव विधि महाविद्यालय द्वारा 90 दिन का फैकेल्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम एनहांस बेसिक स्किल ऑफ कंप्यूटर विषय पर प्रारंभ किया गया। ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को बेसिक कंप्यूटर जैसे वर्ड, एक्सेल, पावर पॉइंट की जानकारी के माध्यम से ट्रेन कर तकनीकी ज्ञान में दक्ष करना है। यह प्रोग्राम निरंतर तीन माह तक संचालित होगा। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम में डॉ नीति पांडे कन्वीनर एवं विवेक मिश्रा सहायक प्राध्यापक ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी हैं। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम से शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की कार्य कुशलता बढ़ेगी एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। उक्त ट्रेनिंग श्रीमती मोहिनी देवले द्वारा नियमित रूप से प्रोवाइड की जावेगी।

वेतन और एरियर की मांगों को लेकर आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

ग्वालियर 17 मार्च. मध्य प्रदेश संविदा ठेका स्वास्थ्य श्रमिक कर्मचारी संघ ने आज अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो वे गांधीवादी तरीके से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। संघ के प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा वेतन वृद्धि का आदेश जारी होने के बावजूद 11 महीने का एरियर भुगतान नहीं किया जा रहा है। मांग की गई है कि सभी आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन हर महीने की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से दिया जाए। कई जिलों में 2-3 महीने से वेतन रुका हुआ है। डेटा एंट्री ऑपरेटर, सपोर्ट स्टाफ और सफाई कर्मियों सहित किसी भी कर्मचारी को अब तक ईएसआई नंबर और ईपीएफ अकाउंट नंबर नहीं दिए गए हैं, जिससे वे स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ से वंचित हैं। संघ ने अनुरोध किया है कि रविवार के दिन विशेष कैंप लगाकर एजेंसियों के माध्यम से ईएसआई नंबर वितरित किए जाएं। यदि शासन-प्रशासन ने इन मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया, तो कर्मचारी संघ सूचना देकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

वीआईपी रोड पर 'चमक', बस्तियों में 'नरक' जैसे हालात

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 मार्च. ग्वालियर को 'स्मार्ट सिटी' का तमगा दिलाने की कोशिशें कागजों और

सुधार के दावों के बीच कचरे के ढेर में तब्दील हुआ ग्वालियर

वीआईपी रूटों पर तो सफल दिख रही हैं, लेकिन शहर की जमीनी हकीकत इसके उलट है। शहर के पॉश इलाकों और वीआईपी मूवमेंट वाली सड़कों को छोड़ दें, तो उपनगर मुरार, हजीरा और थाटीपुर जैसे क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासन की प्राथमिकता में केवल वीआईपी रोड हैं, जबकि आम जनता कचरे के ढेरों के बीच रहने को मजबूर है। शहर में बार-बार होते स्वच्छता सर्वे पर भी लोगों ने सवाल उठाए हैं लोगों का कहना है कि क्या केवल मुख्य सड़कों को चमकाकर ग्वालियर स्वच्छता रैंकिंग में सुधार कर पाएगा?

मुरार और थाटीपुर में कचरे का साम्राज्य- सिंहपुर रोड, हुरावली रोड और सदर बाजार जैसे व्यस्त इलाकों में गंदगी का अंबार लगा है। थाटीपुर, कुमारपुर और हजीरा जैसे क्षेत्रों में भी स्थिति भयावह है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कचरे की बदबू के कारण व्यापार करना तो दूर, सांस लेना भी दूभर हो गया है। शिंदे की छावनी और नौगजा रोड पर भी जगह-जगह लगे कचरे के ढेर नगर निगम के दावों की पोल खोल रहे हैं।

भेदभाव से आक्रोश में जनता, इनका कहना है...

मेरा ही नहीं सभी ग्वालियर वालों का मानना है कि नगर निगम केवल उन रास्तों को साफ रखता है जहाँ से मंत्रियों या बड़े अधिकारियों का गुजरना होता है। जहां आप जनता रहती है वहां सिर्फ गंदगी है।

रविंद्र प्रताप जगताप समाजसेवी

सिटी सेंटर जैसे क्षेत्र में कचरा क्यों नहीं दिखता, उपनगर मुरार, हजीरा की उपेक्षा से लोगों में भारी आक्रोश है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है।

निर्मल अग्रवाल व्यापारी

महंगाई और गैस संकट के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 मार्च. घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई बढ़ोतरी, गैस वितरण में कालाबाजारी मुनाफाखोरी और बेकाबू महंगाई के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में आज शाम 4 बजे नदी गेट से पाटनकर बाजार तक हल्लाबोल प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों ने भाग लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है और लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। सरकार गैस सिलेंडर की कमी को दूर करने के बजाय बुकिंग प्रक्रिया को जानबूझकर धीमा कर रही है, जिससे गैस किल्लत को कम दिखाया जा सके, आज हालात यह हैं कि आम

नागरिक अपना काम-धंधा छोड़कर घंटों गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े रहने को मजबूर है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अधिक दामों पर बिक्री और आपूर्ति में गड़बड़ी की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन भाजपा सरकार और प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है, गैस रिफलिंग सेंटर, गैस चुल्हों की दुकाने जहां से सिलेंडर भरे जाते हैं उनकी जांच के लिए अभी तक कोई प्रावधान नहीं किया गया है, कोई जांच या निरीक्षण नहीं, ऐसा लगता है कि सरकार खुद कालाबाजारी और मुनफाखोरो को सरंक्षण दे रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक मजबूती से उठाएगी और जब तक गैस संकट और महंगाई पर नियंत्रण नहीं होता, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। यदि जल्द ही गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, कालाबाजारी पर रोक नहीं लगी और महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

आंदोलन को प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, श्रीमती रश्मि पवार शर्मा, राहुल शर्मा, राम पांडे श्रीमती मीनू परिहार आदि ने भी संबोधित किया। हल्लाबोल आंदोलन का संचालन महादेव अपोरिया ने एवं आभार व्यक्त संजय सिंह राठौर ने किया। हल्लाबोल आंदोलन में प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, श्रीमती रश्मि पवार शर्मा, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष मीनू परिहार, प्रदेश सचिव राहुल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे, महाराज सिंह पटेल सम्मलित थे।

रात में हल्की ठंड, दो-तीन दिन में बूंदा बांदी के आसार

ग्वालियर। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ के कारण ग्वालियर में तापमान कम हो गया है, रात के समय बादल छाए रहने के कारण तापमान कम हो गया है, जिससे लोगों को हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। वहीं दिन के समय भी धूप में अब तेजी नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार दो से तीन दिनों के अंदर ग्वालियर में हल्की बारिश की संभावना है। ग्वालियर का न्यूनतम तापमान 18 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 1 डिग्री अधिक है। वहीं अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक है। रात के समय हवा में नमी की मात्रा 64 प्रतिशत दर्ज की गई जो कि सामान्य से 14 प्रतिशत अधिक है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण ग्वालियर के तापमान में कमी आई है। रात के समय हल्की ठंडक हो रही है। जबकि मच्छरों का आंतक होने के कारण लोगों को रात में पंखा चलाना पड़ रहा है, लेकिन पंखा चलाने पर लगने वाली ठंड के कारण लोगों के कंबल फिर से निकल आए हैं।

ब्राह्मण समागम में नव संवत्सर मिलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 17 मार्च. सकल ब्राह्मण महासमिति की कोर कमेटी की बैठक प्रधान कार्यालय में संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई। चतुर्थ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन के अक्षया तृतीया पर होने वाले चतुर्थ ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन के पंजीयन 20 मार्च तक होंगे. आज एक पंजीयन डॉ. रेनू मिश्रा

सामूहिक विवाह के पंजीयन 20 तक होंगे

संग ज्योतिरादित्य तिवारी के साथ कार्यालय में हुआ जिस पर समिति के पदाधिकारी ने उन्हें सुहाग का जोड़ा लहंगा चुनरी, सफारी सूट भेंट कर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ उत्तम दाम्पत्य जीवन की कामना पंडित गिरिराज गुरुजी के मुख्य आचार्यत्व में हुई। बैठक में 22 मार्च को ब्राह्मण समागम का आयोजन दोपहर 3 बजे सनातन धर्म मंदिर परिसर में पुनर्विवाह के परिजनों एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ सामूहिक भोज कूपन के साथ होगा। सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

ब्राह्मण समागम में विक्रमादित्य एवं गुड़ी पड़वा, नव संवत्सर के महत्व पर संतों द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। तत्पश्चात नव संवत्सर संवत् मिलन, नवरात्रि में मां दुर्गा का पूजन कर 108 महिला ब्राह्मणों द्वारा मां दुर्गा चालीसा सामूहिक पाठ किया जाएगा।

11 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धर्मेंद्र संग इन्दु की जयमाला भगवान श्री चक्रधर जी के समक्ष संकल्प दिलाकर पुनर्विवाह होगा। डॉ रेनू मिश्रा - ज्योतिरादित्य तिवारी को श्रीराम चरित मानस एवं श्रीमद्भागवत गीता भेंटकर दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत हो, इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की। समिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, महिला अध्यक्ष बीना भारद्वाज, गिरिराज गुरुजी, देवेंद्र कुमार पाठक, अशोक शर्मा, योगेंद्र दीक्षित, राजू पंडित, शीतल प्रसाद शर्मा,एच बी शर्मा, कृष्ण बिहारी दुबे, मुकेश भारद्वाज, अलका मिश्रा, माया भारद्वाज, महामंत्री रचना गौड़, शकुंतला शर्मा, नीता मिश्रा उपस्थित थे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकरा श्रीमती स्वाती माठे पत्नी श्री अमित कुमार माठे ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 10 और 13 का भाग ब्लॉक डी स्थित द ग्रीन पार्क ग्राम मउ जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वेक. 296 / 2 का भाग कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 63 है, जो मेरी पक्षकारा ने विकय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकारा के विक्रेता विक्रम लोधी पुत्र श्री रामहेत लोधी की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विकय पत्र दस्तावेज क, ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142592025ए1191229 तारीखी 21.03.2025 मे श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा सम्पादित किया गया। मेरे पक्षकारों के द्वारा किये गये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में - प्लॉट क्र. 11 और 12 दक्षिण में-प्लॉट क्र. 10 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेता श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा मेरी पक्षकारा के विक्रेता विक्रम लोधी पुत्र श्री रामहेत लोधी ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 10 और 13 का भाग ब्लॉक डी को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता के परिवार सदस्य पूनम सिंह, मधुलिका पुत्रियां स्व. श्री महेन्द्र सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी। श्रीमती स्वाती माठे पत्नी श्री अमित कुमार माठे ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क. 10 और 13 का भाग ब्लॉक डी का कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफुट को कय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई.हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक-17.03.2026
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकरा श्रीमती फूलवती लिखार पत्नी श्री कौशल लिखार ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 9 और 10, 14, 13 का भाग ब्लॉक डी स्थित द ग्रीन पार्क ग्राम मउ जिला ग्वालियर मे है। जो कि सर्वेक. 296 / 2 का भाग कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफुट है जिसका म्यु. वार्ड क्र. 63 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकारा के विक्रेता विक्रम लोधी पुत्र श्री रामहेत लोधी की क्रयशुदा सम्पति रजिस्टर्ड विकय पत्र दस्तावेज क्र, ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 142592025ए1191229 तारीखी 21.03.2025 मे श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व. श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा सम्पादित किया गया। मेरी पक्षकरा के द्वारा किये गये विकय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-रास्ता. उत्तर में-प्लॉट क्र. 10 का भाग दक्षिण में-प्लॉट क्र. 09 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकरा के पूर्व विक्रेता श्रीमती प्रेमा देवी पत्नि स्व. श्री महेन्द्र सिंह के द्वारा मेरी पक्षकरा के विक्रेता विकम लोधी पुत्र श्री रामहेत लोधी ने उक्त अचल प्लॉट क्र. 9 और 10, 14, 13 का भाग ब्लॉक डी को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता के परिवार सदस्य पूनम सिंह, मधुलिका पुत्रियां स्व. श्री महेन्द्र सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकरा श्रीमती फूलवती लिखार पत्नी श्री कौशल लिखार ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 9 और 10, 14, 13 का भाग ब्लॉक डी का कुल क्षेत्रफल 1140 वर्गफुट को कय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो

दिनांक-17.03.2026
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

रोमांचक रहा महिलाओं का क्रिकेट मैच

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर के तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गत दिवस केप्टन रूपसिंह स्टेडियम में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक निशक्तजन एवं खादय प्रशंसकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा कि व्यापारियों ने खेल की भावना से जो कार्य किया है, निश्चित ही वह व्यापारियों को संगठित करने का एक अच्छा प्रयास है। विजेता टीम को पुरूस्कार देते हुये डीआईजी अमित सांघी ने कैट के प्रयासों की सराहना की, उन्होंने कहा कि पिछले वर्षो से कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन के नेतृत्व में कैट ग्वालियर में संगठित हुई है और कैट नें एक राष्ट्रीय व्यापारिक संगठन के रूप में अपनी एक सशक्त पहचान बनाई है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित कैट जबलपुर के अध्यक्ष राजीव बडेरिया ने कहा कि अन्य संगठन केवल नगर निगम की सीमा में संगठित हैं जबकि कैट राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सभी को सुविधा देता है एवं व्यापारियों की लडाई लडता है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री भूपेन्द्र जैन ने कहा कि महिला विंग ग्वालियर एवं महिला विंग डबरा का क्रिकेट मैच रोमांचक रहा।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 06 भवन क्रमांक... स्थान काशी नरेश की गली में स्थित है जो कि बबीता शर्मा/राजकमल शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000278947 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1045 वर्गफुट है. उक्त सम्पति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी..... दिनांक .... से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19, पर दिनांक 26.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25204/25294 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-3-2026
आवेदक का नाम/पता
अरुण कुमार करोटिया/ हरीश चन्द्र
पता: काशी नरेश की गली ग्वालियर म.प्र.
मो.7047479100

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 44,स्थान चिटनिस की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि श्रीमती कमला देवी/राधेश्याम गुप्ता के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000181243 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 756 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19, पर दिनांक 26.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25204/25294 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
श्रीमती रेनू/अनिल जैन
पता-चिटनिस की गोठ ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-17.03.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 03, वार्ड क्रं 07,स्थान गंगा बिहार कॉलोनी,रानीपुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि आनंद भदौरिया/शोबरन सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1004387042 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 630 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी21आईजीआर17402026 ए100227804 दिनांक 25.02.2026 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द लूटपुरा, क्षे.क्र 03, पर दिनांक 17.03.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 75/2011/55084/55011 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
शोभा भदौरिया/जितेन्द्र सिंह भदौरिया
पता-गंगा बिहार कॉलोनी,रानीपुरा ग्वा0(म.प्र.)
मो0-826913837
विज्ञप्ति जारी दिनांक-17.03.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 21, वार्ड क्रं 54, भवन क्रं 364,स्थान आर्मी बजरिया ग्वा0 मे स्थित है जो कि लक्ष्मी अग्रवाल/कैलाश नारायण अग्रवाल,श्रीमती रमा अग्रवाल उर्फ रामरती/स्व. श्री पूरन चन्द्र अग्रवाल,श्रीमती रमा अग्रवाल/स्व. श्री अशोक कुमार अग्रवाल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000181983 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 5019 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड पंजीयन क्रं R-10022600226070 दिनांक 11.02.2026 हकत्याग द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र आमखो, क्षे.क्र 21, पर दिनांक 11.03.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 26-010100000235 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
रमेशचन्द्र ,नरेश/स्व. श्री रामपाल गुप्ता
पता-आर्मी बजरिया ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9826237790
विज्ञप्ति जारी दिनांक-17.03.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 21, वार्ड क्रं 55,स्थान कुशवाह मौहल्ला,ग्राम गुढी,लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि रेखा कुशवाह/हाकिम कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000085602 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602021ए1364604 दिनांक 22.04.2021 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द जीवाजीगंज, क्षे.क्र 16, पर दिनांक 02.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38605/60804 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
रूकमणी रावत/गजेन्द्र सिंह
पता-कुशवाह मौहल्ला,ग्राम गुढी लश्कर ग्वा0 (म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-17.03.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा स